दिन–गुरूवार दिनांक– 28 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

राज्य की चार संसदीय सीटों– गया, औरंगाबाद, नवादा और जमुई के लिए नामांकन पत्र भरने का काम आज समाप्त हो जायेगा। इन क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में उन्नीस अप्रैल को मतदान होगा। निर्वाचन आयोग ने होली और बिहार स्थापना दिवस से जुड़े अवकाश के कारण नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी थी। आकाशवाणी से बातचीत में राज्य निर्वाचन अधिकारी एच. आर. श्रीनिवास ने बताया कि आज पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किये जा रहे हैं। नामांकन पत्रों की जांच तीस मार्च को की जायेगी। उम्मीदवार दो अप्रैल तक नाम वापस ले सकेंगे।

———————————————————————

नामांकन के अंतिम दिन आज नामांकन प्रक्रिया में तेजी आ गयी है। गया से हम उम्मीदवार जीतन राम मांझी ने अपना नामांकन पत्र भरा। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी समेत बिहार भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। वहीं, राजद प्रत्याशी कुमार सर्वजीत ने भी अपना नामांकन दाखिल किया। जमुई संसदीय क्षेत्र से राजद प्रत्याशी अर्चना रविदास और लोजपा रामविलास के प्रत्याशी अरूण भारती समेत छह उम्मीदवारों ने आज अपना नामांकन दाखिल किया। नवादा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर ने नामांकण दाखिल किया। इसी सीट से निर्दलीय प्रत्याशी गुंजन सिंह ने भी अपना नामांकन दाखिल किया। औरंगाबाद सीट से राजद प्रत्याशी अभय कुशवाहा ने आज अपना नामांकन दाखिल किया। भाजपा के सुशील कुमार सिंह औरंगाबाद से जबकि राष्ट्रीय जनता दल के श्रवण कुमार कुशवाहा नवादा से अपना नामांकन पहले ही दाखिल कर चुके हैं।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए आज अधिसूचना जारी की गयी। अधिसूचना जारी होने के साथ ही प्रदेश की पाँच सीटों किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका समेत बारह राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश की नवासी लोकसभा सीटों के लिए नामांकन का कार्य शुरू हो गया। नामांकन के पहले दिन आज पूर्णियां से जदयू प्रत्याशी संतोष कुशवाहा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी, पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद,

मंत्री लेसी सिंह समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। नामांकन की प्रक्रिया सुचारू रूप से चलाने के लिए विभिन्न जिला प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए हैं। दूसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि चार अप्रैल है। पांच अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और आठ अप्रैल तक नामांकन पत्र वापस लिये जा सकेंगे। इन क्षेत्रों में छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा।

———————————————————————————

जहानाबाद के पूर्व सांसद डॉक्टर अरूण कुमार ने लोकजन शक्ति पार्टी रामविलास छोड़ दी है। आज उन्होंने पार्टी प्रमुख चिराग पासवान को चिट्ठी लिखकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। जानकारी के अनुसार पार्टी से टिकट नहीं मिलने के कारण उन्होंने इस्तीफा दे दिया।

———————————————————————————

लोकसभा के सभी सात चरणों के चुनाव के लिए मतदान के दिन राज्य में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। यह अवकाश सवैतनिक होगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के प्रस्ताव पर सामान्य प्रशासन विभाग ने इसकी घोषणा कर दी है। इस संबंध में गजट अधिसूचना भी प्रकाशित कर दी गयी है। इधर, चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों के लिए नकद राशि साथ में लेकर चलने के लिए नए दिशा निर्देश जारी किये हैं। आयोग के अनुसार चुनाव प्रचार के दौरान स्टार प्रचारक अपने साथ एक लाख रूपये नकद ले जा सकेंगे। हालांकि इसके लिए प्रचारकों को अपने दल के कोषाध्यक्ष से प्रमाण पत्र लेना होगा।

———————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में तापमान में वृद्धि दर्ज किये जाने से गर्मी का अनुभव हो रहा है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रदेश के कई स्थानों पर अधिकतम तापमान छत्तीस डिग्री सेल्सियस के ऊपर दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले पांच दिनों तक तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। वहीं, अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर—पूर्व भागों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है।

———————————————————————————

समस्तीपुर जिले के रोसड़ा थाना क्षेत्र अन्तर्गत बलऊआ में एक पेट्रोल पम्प कर्मी से अपराधियों ने दिन—दहाड़े तीन लाख रूपये लूट लिये। बताया जा रहा है कि पीड़ित कर्मी बैंक में पैसा जमा कराने जा रहा था। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

———————————————————————————

बिहार ने मध्यप्रदेश के विदिशा में आयोजित पैंतालीसवीं जूनियर बालक नेशनल हैंड बॉल प्रतियोगिता का कांस्य पदक जीत लिया है। सेमीफाईनल मुकाबले में बिहार की टीम दिल्ली से छोटे अंतर से हार गयी। बिहार हैंड बॉल संघ के महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा ने टीम के शानदार प्रदर्शन पर बधाई दी है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।